दिन–रविवार दिनांक– 02 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. अरूणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित। अरूणाचल में भाजपा ने प्रचंड बहुमत हासिल किया। सिक्किम में मुंख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की पार्टी एस.के.एम की वापसी।

02. लोकसभा चुनाव को लेकर चार जून को होने वाली मतगणना के लिए तैयारियां जोर–शोर से जारी।

03. भाजपा सांसद रामकृपाल यादव पर हमले की जाँच के लिए एसआईटी का गठन, एक आरोपी गिरफ्तार।

04. और, राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत।

——————————————————————

अरूणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिए आज हो रही मतगणना में ज्यादातर नतीजे आ गए हैं। अरूणाचल प्रदेश में भाजपा ने कुल साठ सीटों में से छियालीस पर जीत हासिल कर प्रचंड बहुमत से सत्ता में वापसी की है। वहीं, भाजपा की सहयोगी दल एनपीपी को पाँच सीटों पर जीत मिली है। सिक्किम विधानसभा में बत्तीस में से इकतीस सीट जीतकर प्रेम सिंह तमांग की पार्टी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने सत्ता में वापसी की है। वहीं, पच्चीस साल सत्ता में रहे पवन कुमार चामलिंग की पार्टी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट को करारी हार का सामना करना पड़ा है। पार्टी को केवल एक सीट पर जीत मिली है। वहीं, भाजपा को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली है।

——————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरूणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा पर भरोसा जताने के लिए राज्य के मतदाताओं के प्रति आभार जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने सिक्किम विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल करने पर मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को बधाई दी है।

———————————————————————————

चार जून को होनेवाली मतगणना को लेकर विभिन्न जिलों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वज्रगृह की सुरक्षा चाक चौबंद कर दी गई है और आस–पास की गतिविधियों पर गहन निगरानी रखी जा रही है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मतगणना से जुड़े स्थलों का लगातार निरीक्षण कर रहे है। बेगूसराय के बाजार समिति परिसर स्थित मतगणना केन्द्र में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इधर, गोपालगंज के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मकसूद आलम और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आज थावे डायट भवन स्थित मतगणना केन्द्र का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

———बाईट———

कटिहार नगर के तीनगछिया स्थित बाजार समिति परिसर में मतगणना केन्द्र बनाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि सारी व्यवस्था की गई है। श्री मीणा ने कहा कि विजय जुलुस निकालने की इजाजत नही होगी।

———बाईट———

मुंगेर संसदीय सीट के लिए आर.डी एण्ड डी.जे. कॉलेज में मतगणना केन्द्र बनाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि मतगणना की सभी व्यवस्था की जा रही है।

———बाईट———

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातो चरण सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद अब विभिन्न एजेंसियों और समाचार चैनलों द्वारा दिए गए एग्जिट पोल के आंकड़ों पर चर्चा शुरू हो गई है। अधिकांश सर्वेक्षणों के पूर्वानुमान में एनडीए को साढ़े तीन सौ से अधिक सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। वहीं, इंडी गठबंधन को एक सौ पचास से एक सौ सत्तर सीटें मिलने का अनुमान बताया गया है। इंडिया टुडे माई एक्सिस, न्यूज ट्वेंटी फोर–टुडे चाणक्य, एबीपी सी वोटर और इंडिया टीवी– सीएनएक्स के सर्वे में एनडीए को तीन सौ इकसठ से चार सौ एक जबकि इंडी गठबंधन को एक सौ इकतीस से एक सौ छियासठ तथा अन्य दलों को सत्ताईस से पैंतालीस सीटें मिलने का अनुमान

है। इंडिया टुडे–एक्सिस माई इंडिया के अनुसार भाजपा और उसके सहयोगी दलों को तीन सौ इकसठ से चार सौ एक सीटें मिल सकती हैं, जबकि इंडी गठबंधन को एक सौ इकतीस से एक सौ छियासठ सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य दलों को आठ से बीस सीटें मिलने की संभावना है।

---

राज्य में लोकसभा की चालीस सीटों के लिये जारी सर्वेक्षण के ज्यादातर आंकड़ों में एनडीए को तीस से बत्तीस सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। वहीं, इंडी गठबंधन को सात से नौ सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। रिपब्लिक इंडिया की ओर से जारी सर्वेक्षण के अनुसार राज्य में एनडीए को सैंतीस सीटें मिल सकती हैं जबकि राजद–कांग्रेस–इंडी गठबंधन को तीन सीटें मिलने की सम्भावना है। आज तक–इंडिया टुडे के सर्वेक्षण में बिहार में भाजपा को तेरह से पन्द्रह, जदयू को नौ से ग्यारह, लोजपा–रामविलास को पांच और राजद को आठ सीटें मिलने की बात कही गयी है।

---

एग्जिट पोल के नतीजों पर सभी राजनीतिक दलों ने अलग–अलग प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अनुमान के आंकड़े ही बता रहे हैं कि अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा है। उन्होंने कहा कि नतीजों में भी साफ दिखेगा की जनता ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को खारिज कर दिया है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार बनेगी। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नतीजों में एनडीए को अपार जनसमर्थन मिलेगा। गौरतलब है कि सात चरणों के चुनाव के बाद मुख्यमंत्री श्री कुमार निजी दौरे पर दिल्ली पहुंचे है। इस दौरान श्री कुमार के बीजेपी के शीर्ष नेताओं से भी मिलने की संभावना है।

————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि इंडी गठबंधन को दो सौ पंचानवे से अधिक सीटें मिलेंगी। श्री यादव ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए एग्जिट पोल के पूर्वानुमान को नकार दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दों पर वोट किया है और इसलिए परिणाम चौंकाने वाले होंगे।

———बाईट———

————————————————————————————

पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किए जाने के मामलें की जाँच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। वहीं, पुलिस ने एक आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी भरत सोनी ने बताया कि इस मामलें में आठ अन्य नामजद और चालीस अज्ञात लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि सातवें और अंतिम चरण के मतदान के बाद कल पटना लौटते समय मसौढ़ी के करीब तिनेरी गांव के पास भाजपा प्रत्याशी श्री यादव की गाड़ी पर हमला किया गया था। श्री यादव ने आज संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि हमलावरों ने उनकी जान लेने की कोशिश की थी लेकिन वो बाल–बाल बच गए।

———बाईट———

————————————————————————————

वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हिंसा के लिए राजद नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि राजद से जुड़े अपराधी तत्वों ने ही इस हमले को अंजाम दिया।

———बाईट———

————————————————————————————

राज्य में बिहार लोक सेवा आयोग द्वार शिक्षक भर्ती परीक्षा सत्ताईस जून से तीस जून तक होगी। इसके तहत प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती के लिए एक ही पाली में अलग–अलग तिथियों को परीक्षाये होगी। इधर, राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक की छुट्टि मंजूर

कर ली है । वे तीन जून से तीस जून तक अवकाश पर रहेगें। उनके स्थान पर शिक्षा विभाग का कार्यभार मुख्यमंत्री को प्रधान सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ देखेंगे।

———————————————————————

बक्सर के नवानगर में तेज हवा के कारण एक ऑटो रिक्शा पर पेड़ गिर जाने से दबकर एक महिला की मौत हो गई।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया मुफस्सील थाना क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मंडी के पास पुलिस ने छापेमारी कर छह अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकडे गए अपराधियों के पास से दो पिस्तौल और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए गए हैं।

———————————————————————

गया जिले में भीषण गर्मी के मद्देनजर विभिन्न ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों को उनके कार्यस्थल पर छाते की व्यवस्था की गई है। उन्हें ओआरएस और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ हैं। रोहतास, भभूआ, औरंगाबाद, बक्सर भोजपुर समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण मध्य भागों में कई स्थानों पर पारा चालीस डिग्री सेल्सियस से उपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे के दौरान राज्य के उत्तरी और पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागो में कई स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात भी हो सकता है।

———बाईट———

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण–पश्चिम मॉनसून अपनी सामान्य गति से आगे बढ़ रहा है। जिसके अपने नियत समय पन्द्रह जून से पहले ही राज्य में प्रवेश करने की उम्मीद है।

———————————————————————

01. अरूणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित। अरूणाचल में भाजपा ने प्रचंड बहुमत हासिल किया। सिक्किम में मुंख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की पार्टी एस.के.एम की वापसी।

02. लोकसभा चुनाव को लेकर चार जून को होने वाली मतगणना के लिए तैयारियां जोर–शोर से जारी।

03. भाजपा सांसद रामकृपाल यादव पर हमले की जाँच के लिए एसआईटी का गठन, एक आरोपी गिरफ्तार।

04. और, राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत।

———————————————————————

समाप्त